Downloaded From : http://cbseportal.com/

इस प्रश्न–पत्र में **29** प्रश्न [खण्ड 'क' (**21**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

**Code No.**
**कोड नं.** **59/OSS/2**

**SET/सेट** **C**

# हिन्दी

# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **59/OSS/2, सेट–C** लिखें ।



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From : http://cbseportal.com/

# हिन्दी
# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

---

निर्देश :

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

---

### खण्ड – 'क'

1 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग अंग बास समानी
प्रभुजी तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंदचकोरा
प्रभुजी तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती
प्रभुजी तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा
प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा

**अथवा**

स्वर में पावक यदि नहीं, वृथा वन्दन है,
वीरता नहीं, तो सभी विनय क्रन्दन है ।
सिर पर जिसके असिघात; रक्त चन्दन है;
भ्रामरी उसी का करती अभिनंदन है ।
दानवी रक्त से सभी पाप धुलते हैं
ऊँची मनुष्यता के पथ भी खुलते हैं ।

(ख) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2

जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय ।
बारे उजियारो करै, बढ़े अंधेरो होय ॥



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From : http://cbseportal.com/

2 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के **20-30** शब्दों में उत्तर दीजिए : **2+2=4**

(क) निराला ने स्त्री को किन परिस्थितियों में पत्थर तोड़ते देखा है ? दो का उल्लेख कीजिए ।

(ख) कवि रहीम ने परोपकारी व्यक्ति की क्या–क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

(ग) मुक्ति बोध ने आज के रचनाकार की समस्या क्या बताई है ?

3 'वह तोड़ती पत्थर' कविता का केंद्रीय भाव लिखिए । **2**

4 कृष्ण भक्ति काव्य की **दो** मुख्य विशेषताएँ लिखिए । **2**

5 अधोलिखित काव्य–पंक्तियों में निहित छंद तथा अलंकार का नाम लिखिए : **2**

कनक–कनक तैं सौ गुनी मादकता अधिकाय
वा खाएँ बौराय जग पाएँ बौराय ॥

6 (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

वैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है । क्रोध यदि बहुत दिनों तक टिका रहे तो वह वैर बन जाता है । तब क्रोध का वेग या उग्रता तो धीमी पड़ जाती है पर लक्ष्य को पीड़ित करने की प्रेरणा बहुत काल तक रहती है । क्रोध अपना बचाव करते हुए शत्रु को पीड़ित करने की युक्ति आदि सोचने का समय प्रायः नहीं देता, पर वैर उसके लिए बहुत समय देता है । सच पूछिए तो क्रोध और वैर का भेद केवल कालकृत है ।

(ख) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी **अथवा** रामचंद्र शुक्ल की भाषाशैली की दो विशेषताएँ लिखिए । **2**

7 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर **30-35** शब्दों में लिखिए : **2+2=4**

(क) सागर के किस विस्तार को देखकर लेखक विस्मित रह गया ?

(ख) आरंभ में चित्रा ने अपने चित्र को किसका प्रतीक माना और क्यों ?

(ग) डा. रघुवंश के जीवन की सफलता का रहस्य क्या था ?

8 वास्तव में जीवन क्या है ? 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' – पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए । **2**



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From : http://cbseportal.com/

9 किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2=6

(क) 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास के किस स्त्री पात्र से आप सर्वाधिक प्रभावित हैं ? कारण सहित उत्तर दीजिए ।

(ख) लोचन सिंह को मनाने के लिए जनार्दन के प्रयासों का वर्णन कीजिए ।

(ग) 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास की भाषा की दो विशेषताएँ सोदाहरण लिखिए ।

10 अलीमर्दान दिलीपनगर पर आक्रमण क्यों करता है ? 1

11 जनार्दन की किन्हीं **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 1

12 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

यदि फूल नहीं बो सकते तो काँटे कम–से–कम मत बोओ
है अगम चेतना की घाटी, कमजोर बड़ा मानव का मन
ममता की शीतल छाया में होता कटुता का स्वयं शमन
ज्वालाएँ जब घुल जाती हैं, खुल–खुल जाते हैं मुँदे नयन
होकर निर्मलता में प्रशांत बहता प्राणों का क्षुब्ध पवन
संकट में यदि मुसका ना सको, भय से कातर हो मत रोओ
यदि फूल नहीं बो सकते तो काँटे कम–से–कम मत बोओ

(क) फूल और काँटे बोने का प्रतीकार्थ क्या है ?

(ख) मन किन स्थितियों में शांत होता है ?

(ग) संकट आने पर मनुष्य का व्यवहार कैसा होना चाहिए ?

(घ) भाव स्पष्ट कीजिए – है अगम चेतना की धारी, कमज़ोर बड़ा मानव का मन

(ङ) पद्यांश का केन्द्रीय भाव लिखिए ।



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From : http://cbseportal.com/

13 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रदत्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

इस संसार में कुछ व्यक्ति भाग्यवादी होते हैं और कुछ अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखते हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि भाग्यवादी ईश्वरीय इच्छा को सर्वोपरि मानते हैं और अपने प्रयत्नों को क्षीण मान बैठते हैं । भाग्यवादी कभी–कभी अकर्मण्यता की स्थिति में भी आ जाते हैं । उनका कथन होता है कि हम कुछ नहीं कर सकते, सब ईश्वर के अधीन है । हमें उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा । जैसा भगवान चाहेगा वैसा ही होगा।

भाग्योदय शब्द में भाग्य प्रधान है । उदय अन्य शब्द है । एक और शब्द है सूर्योदय, जो भाग्योदय से मिलता–जुलता है । हम जानते हैं कि सूरज का उदय नहीं होता । वह अपनी जगह पर रहता है । घूमती तो धरती है । फिर भी सूर्योदय हमें शुभ व सार्थक लगता है। भाग्य भी इसी प्रकार का है । हमारा मुख सही भाग्य की तरफ हो जाए तो इसे भाग्योदय मानना चाहिए।

पुरुषार्थी व्यक्ति अपने परिश्रम के बल पर कार्य सिद्ध कर लेना चाहता है । पुरुषार्थ वह है जो पुरुष को प्रयासयुक्त रखे । बल विक्रम तो पशु में अधिक होता है लेकिन पुरुषार्थ का अर्थ पशु चेष्टा से भिन्न है और श्रेष्ठ है । पुरुष वह है जो अपनी बुद्धि–विवेक, परिश्रम से पुरुषार्थ को सिद्ध करे ।

(क) इस संसार में व्यक्तियों के क्या–क्या प्रकार बताए गए हैं ? 1

(ख) भाग्यवादी का जीवन के प्रति क्या दृष्टिकोण होता है ? 1

(ग) भाग्योदय के संदर्भ में सूर्योदय का उल्लेख क्यों किया गया है ? 1

(घ) हमें कब भाग्योदय मानना चाहिए ? 1

(ङ) भाग्यवादी लोग भाग्य के लिए दूसरा नाम क्या देते हैं ? 1

(च) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 1

(छ) 'भाग्योदय' शब्द का संधि–विच्छेद कीजिए । 1

(ज) पुरुषार्थी का विलोम शब्द लिखिए । 1

(झ) 'ईश्वर' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

(ञ) सूर्योदय शब्द का विपरीतार्थक लिखिए । 1

(ट) पराक्रम शब्द का अर्थ लिखिए । 1

14 कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 5

(क) तुम चोटी पर नहीं चढ़ सकते । (अर्थ के अनुसार वाक्य भेद लिखिए)

(ख) आप खाना खा तो लिए हैं ना ? (शुद्ध कीजिए)

(ग) गट्ठर को पटककर उसने पसीना पोंछा । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(घ) रमा अब तुम्हें क्या हो गया (विराम चिह्न लगाइए)

(ङ) माँ से तो चला भी नहीं गया । (वाच्य पहचानिए)



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From :http://cbseportal.com/

15 निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : **8**

(क) बच्चे पढ़ें आगे बढ़ें

(ख) बेरोजगारी की समस्या

(ग) वह अविस्मरणीय दिन

(घ) लोकतंत्र और चुनाव

16 निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक तिहाई शब्दों में लिखकर एक उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : **4**

आशावान मनुष्य जीवन का संचार सूत्र है । आशा के सहारे ही मानव बड़े–बड़े वीरतापूर्ण और साहसपूर्ण कार्य कर गुजरता है । यही आशा मानव को कार्य करने की प्रेरणा देती है । इसलिए आशा को 'बलवती' कहा गया है । आशावान व्यक्ति कभी अकर्मण्य नहीं हो सकता । प्रतिक्षण परिवर्तमान जग में कभी दुख है तो कभी सुख है, कभी लाभ है तो कभी हानि, कभी उत्कर्ष है तो कभी अपकर्ष । बुद्धिमान व्यक्ति इस परिवर्तन को ध्यान में रखता है वह कभी अपने मन को मरने नहीं देता । वह समझता है कि वृक्ष काटने के बाद फिर बढ़ने लगता है । क्षीण हुआ चंद्रमा भी फिर वृद्धि को प्राप्त करता है । इसलिए वह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आशा को नहीं छोड़ता ।

17 कुछ साथियों की संगत में आपने कोई चूक की और प्रधानाचार्य ने आपको दंडित कर दिया। पूरी बात पत्र के द्वारा विवरण सहित समझाते हुए क्षमायाचना कीजिए। **4**

18 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय का भाव–पल्लवन कीजिए : **3**

(क) खाली जेब बाज़ार की सैर

(ख) गरमियों में जल संकट

19 विद्यालय में दसवीं के बाद 150 छात्रों ने निम्नलिखिए विषयों को लिया । इसे दंड चित्र के रूप में प्रस्तुत कीजिए । **4**

| | | |
|---|---|---|
| गणित | — | 25 |
| इतिहास | — | 15 |
| अर्थशास्त्र | — | 10 |
| टंकण | — | 15 |
| गृहविज्ञान | — | 10 |
| कम्प्यूटर | — | 25 |
| जीवविज्ञान | — | 35 |
| राजनीति विज्ञान | — | 25 |

20 प्रतिवेदन या टिप्पणी की तीन विशेषताएँ लिखिए । **3**

21 बिना छाता लिए पैदल ही बाज़ार को निकले तो तेज वर्षा आ गई । उस अनुभव को लगभग 40 शब्दों में लिखिए । **2**



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From :http://cbseportal.com/

## खण्ड – 'ख'

### (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

22 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के अर्थ लिखिए : 1

स्पॉट न्यूज, कैप्शन, समाचार

23 (क) इंटरनेट के उपयोग में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? 2

(ख) हिंदी समाचारपत्रों की भाषा में एकरूपता का अभाव क्यों है ? 2

24 (क) रेडियो और दूरदर्शन में कौन–सा माध्यम लोकप्रिय है ? क्यों ? 2

(ख) हिंदी समाचारपत्रों में किस प्रकार के शब्दों / वाक्यों का प्रयोग करना चाहिए । उदाहरण दीजिए । 2

25 (क) वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्या है ? उदाहरण दीजिए । 3

(ख) संचार प्रक्रिया को उदाहरण सहित समझाइए । 3



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड – 'ग'

## (विज्ञान की भाषा – हिन्दी)

22 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1

(क) बाइट

(ख) हार्ड डिस्क

(ग) ऊर्जा

23 (क) भारतीय समाज में स्त्रियों से संबंधित कौन–कौन से अंधविश्वास प्रचलित हैं ? 2

(ख) जनसंख्या वृद्धि में अशिक्षा की क्या भूमिका है ? 2

24 जनसंख्या वृद्धि का पर्यावरण प्रदूषण में क्या हाथ है ? सोदाहरण समझाइए । 4

**अथवा**

रात में कुछ विशिष्ट पेड़ों के नीचे सोने से अमंगल होने की आशंका मानी जाती है । क्या यह सच है ? पक्ष या विपक्ष में तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

25 (क) प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के तीन उपाय लिखिए । 3

(ख) आधुनिक दो भारतीय वैज्ञानिकों की प्रमुख उपलब्धियाँ लिखिए । 3



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : NIOS